कार्यालय प्राचार्य
शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा
जिला–बालोद (छ0ग0)
website : www.gcarjunda.com NAAC grade B E-mail: govtcollege.arjunda1988@gmail.com

।.क्र./ 255 /2023 अर्जुन्दा, दिनांक 17.03.2023

प्रेस विज्ञप्ति

महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा बालोद में गृहविज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की प्रसिद्ध समाज सेविका पद्मश्री शमशाद बेगमए गृह विज्ञान प्राध्यापिका तृप्ति खनंग दुर्ग, बालोद छेत्र की महिला कमांडो तथा अर्जुंदा की महिलाएं एवं छात्राएं उपस्थित हुई। श्रीमती शमशाद बेगम ने महिलाओं को सशक्त होने के लिए जागरूक करते हुए बताया की बालोद जिला में 65000 महिला कमांडो कार्य कर रही है। उन्होंने महिलाओं को अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से अपनी सुरक्षा करने हेतु जागरूक किया। उन्होंने बताया महिला कमांडो को अपराधिक तत्वो को रोकने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे क्षेत्र की बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा के कदम में इजाफा हुआ है।

इस कार्यक्रम में गृह विज्ञान प्रभारी एवं छात्राओं ने महिलाओं में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए कृत्रिम आभूषण निर्माण का प्रशिक्षण दिया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में महिलाओं ने परिवार के लिए किए जाने वाले कार्य तथा परिवार द्वारा उनके लिए किए जाने वाले कार्य को सूचीबद्ध किया जिसमें 78% महिलाओं ने माना की परिवार की देखभाल जैसे भोजन पकानाए दैनिक कार्य, साफ़ सफाई, बच्चों की देखभाल आदि कार्य करती हैं 12% महिलाओं ने यह भी माना की परिवार में शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान भी किया जाता है सामाजिक बंधनों में जकड़ा जाता है, 24% ने माना तबीयत खराब होने पर देखभाल की जाती है तथा 17% ने माना परिवारिक निर्णय से उन्हें दूर रखा जाता है। इस अवसर पर तृप्ति खनंग ने वैदिक काल एवं मध्य युग में महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला तथा छात्राओं को निडर होकर सशक्त होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्री घनश्याम पाठक, प्राध्यापक गण उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रश्मि सिंह ने किया।

प्र. प्राचार्य
I/C. PRINCIPAL
शहीद दुर्वासा निषाद
SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA
शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा
DISTT. BALOD (C.G.)
जिला–बालोद छ.ग.491225

महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक : डा. सुचित्रा

कार्यशाला के दौरान उपस्थित दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के शिक्षक। ● नईदुनिया

बालोद (नईदुनिया न्यूज)। शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में समाजशास्त्र विभाग व गृह विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तीकरण: आत्मनिर्भरता की पहल विषय को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस की मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक डा. सुचित्रा शर्मा रही। उन्होंने लिंग एवं लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि महिला व पुरुष एक-दूसरे के पूरक है। उन्हें एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील होना आवश्यक है।

छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तीकरण को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि कैसे इसकी शुरुआत घर से ही की जाए। बालिका के साथ-साथ बालकों को भी जागरूक करना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग द्वारा समूह चर्चा जैसे शिक्षा, डिजिटलीकरण के प्रति महिलाओं की सोच, महिलाओं में निर्णय लेने की क्षमता, स्वयं के अस्तित्व के प्रति महिलाओं का नजरिया पर छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागी छात्र छात्राओं को विभाग द्वारा प्रमाण पत्र व पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य घनश्याम पाठक, सहायक प्राध्यापक रश्मि सिंह, डा. दीपिका, डा. प्रीति ध्रुव, प्रभा शर्मा, अतिथि व्याख्याता डा. राजकुमारी गजपाल, डा. प्रभा यादव, गायत्री साहू, प्रीति आदि प्राध्यापक उपस्थित थे।